वन उत्पादकता संस्थान, रांची

पूर्वी क्षेत्रीय प्रादेशिक कृषि मेला एवं एग्रोटेक किसान मेला-2021

बिरसा कृषि विश्वविद्यालय, कांके, रांची

05–07 मार्च, 2021

बिरसा कृषि विश्वविद्यालय, कांके, रांची द्वारा दिनांक 05.03.2021 से 07.03.2021 तक आयोजित प्रांतीय कृषि तकनीकी मेला में वन उत्पादकता संस्थान , रांची के निदेशक की पहल पर नामित सदस्यों द्वारा स्टाल लगाकर भाग लिया गया जिसमे संस्थान की गतिविधियों को पोस्टर के माध्यम से प्रदर्शन किया गया एवं आगंतुकों को संस्थान के क्रिया कलाप एवं शोध कार्यो से अवगत कराया गया। स्टाल का लगभग 2000 सदस्यों ने अवलोकन किया जिसमे 557 आगंतुकों ने हस्ताक्षर किया।

प्रथम दिन राज्यपाल श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के उद्घाटन भाषण के पश्चात गणमान्य व्यक्तियों, किसानों, छात्रों, पत्रकारों तथा विभिन्न विभाग/संस्थान के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा संस्थान के स्टाल का अवलोकन किया जिसमे बांस रोपण के प्रति काफी रुचि देखी गयी।

द्वितीय दिन बड़ी संख्या में किसानों, छात्र एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा स्टाल का अवलोकन किया गया जिसमे कई भारतीय वन सेवा के अधिकारी एवं खबर मंत्र के पत्रकार द्वारा काफी रुचि के साथ कई सवाल किये गये जिसका संस्थान के नामित सदस्यों द्वारा संतोष प्रद जवाब दिया गया।

तृतीय दिन झारखंड सरकार के कई मंत्री एवं विधायक ने मेले कार्यक्रम में भाग लिया तथा संक्षिप्त भ्रमण किया। किसानों, जनप्रतिनिधियों, छात्रों के सवालों का संतोषप्रद जवाब दिया गया।

मेले के शुरुवात से अंत तक स्टाल में लोगों का काफी आकर्षण देखा गया तथा संस्थान के विभिन्न गतिविधियों से रुबरु हुए। बांस पौध रोपण, लाह की खेती, औषधीय पौध, इमारती लकड़ी के पौधे के संबंध में गहन पूछताछ की गयी जिसका सफलतापूर्वक निराकरण किया गया। आगंतुकों के बीच विभिन्न leaflets, booklets, brochures आदि का वितरण किया गया। समापन के पूर्व विश्वविद्यालय द्वारा संस्थान के नाम प्रतिभागी प्रमाण्पत्र वितरित किया गया तथा संध्या मेले का समापन किया गया। इस मेले में विस्तार प्रभाग के श्री एस.एन.वैध्य , श्री बी.डी.पंडित तथा श्री सूरज कुमार ने भाग लिया एवं कार्यक्रम को सफल बनाया।

तीन दिवसीय बिरसा कृषि विश्वविद्यालय, कांके, रांची में किसान मेले की झलकियां